# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 9286 / 2026 दिनांकः 14 जनवरी, 2026


महत्वपूर्ण / समयबद्ध

## कार्यालय–विज्ञप्ति

एतद्द्वारा माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार **जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया** के **शोध अध्यादेश 2024 में विहित प्राविधानों के आलोक में विश्वविद्यालय में पी–एच0डी0 कार्यक्रम में सत्र 2024–25 में 'अंशकालिक' मोड में प्रवेश हेतु आनलाईन आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं।**

**तद्नुक्रम में ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी, जो नवाचार, नवीन शोध, विशेष खोज एवं क्षेत्रीय विकास आदि विविध विषयों पर शोध करने में रूचि रखते हैं, 'अंशकालिक पी–एच0डी0' कार्यक्रम में प्रवेश हेतु दिनांकः 16 जनवरी, 2026 से दिनांकः 31 जनवरी, 2026 तक विश्वविद्यालय वेबसाईट www.jncuadm.samarth.edu.in पर प्रवेश हेतु निर्धारित शुल्क रु0– 2,500 /– के साथ आनलाईन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन हेतु नियम व शर्तें निम्नवत् हैं:–**

01. **'अंशकालिक पी–एच0डी0' कार्यक्रम** केवल उच्च शिक्षा संस्थानों में **पूर्णकालिक शिक्षकों, सरकारी सेवाओं** में **प्रथम** और **द्वितीय श्रेणी** के **अधिकारियों** और **सशस्त्र बलों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों** या **बीएसई या एनएसई में सूचीबद्ध निगमों में समकक्ष पदों** पर कार्यरत उन व्यक्तियों के लिए उपलब्ध होगा, जिनके पास कम से कम पांच वर्ष का निरन्तर सेवा अनुभव हो।
02. **'अंशकालिक पी–एच0डी0' कार्यक्रम** की न्यूनतम अवधि 04 वर्ष की होगी, जिसमें कोर्सवर्क भी शामिल है और अधिकतम अवधि नियमावली के खंड 4 के अनुसार होगी।
03. विश्वविद्यालय, **'अंशकालिक पी–एच0डी0' कार्यक्रम** के लिए उम्मीदवार के माध्यम से सम्बन्धित संस्थान / कार्यालय के उपयुक्त प्राधिकारी से **"अनापत्ति प्रमाण पत्र"** प्राप्त करेगा, जहां उम्मीदवार कार्यरत है, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया हो कि:-
    - ***उम्मीदवार को अंशकालिक आधार पर अध्ययन करने की अनुमति है।***
    - ***उसके आधिकारिक कर्तव्यों के कारण वह शोध के लिए पर्याप्त समय दे सकता है।***
    - ***यदि आवश्यक होगा, तो उसे कोर्सवर्क पूरा करने के लिए ड्यूटी से मुक्त किया जाएगा।***
04. **'अंशकालिक पी–एच0डी0' कार्यक्रम से सम्बन्धित** छात्रों को शोध कार्य की पूरी अवधि के दौरान कम से कम 90 दिन (Residency Period), रिसर्च वर्क की जगह पर रहना होगा और पंजीकरण के समय इस सम्बन्ध में अण्डरटेकिंग देना अनिवार्य होगा।

**अतः उपरोक्तनुक्रम में इच्छुक अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि तद्नुक्रम में समयान्तर्गत आनलाईन आवेदन, अनुदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए प्रक्रिया पूर्ण करने का कष्ट करें।** निर्धारित तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार का कोई भी आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

**भवदीय,**

(एस0एल0 पाल)
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

01. माननीय कुलपति जी।
02. समन्वयक, रिसर्च एण्ड डेवलपमेन्ट सेल, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
03. डॉ0 नीलमणि त्रिपाठी, नोडल अधिकारी, समर्थ पोर्टल, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया को तद्नुक्रम में तद्नुसार अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु।
04. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
05. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव